30 सालों में 20 से अधिक अवतार!

चीफ कम्यूनिटी ऑफिसर, मीडिया कनसल्टेंट और असिस्टेंट प्रोफेसर - गुरजेन्द्र सिंह विर्दी

पिछले तीन दशकों से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मीडिया, कनटेंट और कम्यूनिटी एंगेजमेंट से संबंधित बहुआयामी पृष्ठभूमि वाले एक प्रतिष्ठित पेशेवर, गुरजेन्द्र सिंह विर्दी को मैग़ज़ीन जगत में उनके अतुलनीय योगदान एवं मैग़ज़ीन्स के प्रति उनकी समझ के कारण इस इंडस्ट्री के लोगों द्वारा उनको उपनाम दिया गया है- 'मैग़ज़ीन' सिंह विर्दी।

डिजिटल जर्नलिज्म में सर्टिफिकेट, एक्जीक्यूटिव एमबीए में डिप्लोमा, कम्प्यूटर एप्लिकेशन्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और विज्ञान में स्नातक की डिग्री जैसी औपचारिक शैक्षणिक योग्यताओं के धनी, विर्दी आज डिजिटल मीडिया जगत में चीफ कम्यूनिटी ऑफिसर के रूप में अपनी विशिष्ट सेवाएँ दे रहे हैं।

विभिन्न सेक्टर्स एवं क्षेत्रों का व्यवहारिक कार्यानुभव: विर्दी की पेशेवर यात्रा विभिन्न क्षेत्रों को छूती हुई चलती है, जिसमें कनज़्यूमर टेक्नोलॉजी, फोटोग्राफी एवं डिजिटल इमेजिंग, ऑटोमोटिव, रियल एस्टेट, रिटेलिंग और फ्रेंचाइज़िंग, लाइफस्टाइल, स्पोर्ट्स आदि शामिल हैं। इन सब विविध सेक्टर्स और विशिष्ट समुदायों के प्रति उनका योगदान ही विविध क्षेत्रों से जुड़ी अनजानी चुनौतियों से जीतने की उनकी कुशलता का प्रमाण है।

मीडिया व्यवसाय की गहन समझ एवं विस्तृत पृष्ठभूमि: एक सम्माननीय पत्रिका समीक्षक के रूप में, विर्दी अब तक 350 से भी अधिक राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं की समीक्षा कर चुके हैं, जो प्रकाशन व्यवसाय के संबंध में उनकी समझ को दर्शाता है। उन्होंने अंग्रेजी और हिंदी भाषा में दर्जनों कनज़्यूमर और बिज़नेस-टू-बिज़नेस पत्रिकाओं, वेबज़ीन्स, बुकज़ीन्स, और कस्टम प्रकाशनों को लॉन्च करने, रीलॉन्च करने और रीडिज़ाइन करने में अतिविशिष्ट भूमिकाएँ निभाई हैं। उनके पास- चिप, डिजिट, स्मार्ट कम्प्यूटिंग, बेटर फोटोग्राफी, ओवरड्राइव, फोटो इमेज़िंग, फोर्ब्स, ऑन्त्रप्रेन्यॉर, रियल्टी प्लस, फ्रेंचाइज प्लस और टर्बोचार्ज्ड जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मासिक पत्रिकाओं के लिए संस्थापक संपादक, कार्यकारी संपादक, प्रबंध संपादक और संपादकीय सलाहकार के रूप में सेवाएँ देने का विशाल अनुभव है।

डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया संचार के ज़रिए लोगों को जोड़ने और प्रभावित करने में विशेषज्ञ: अपनी बेहतरीन कनटेंट सेवाओं के लिए विख्यात विर्दी, अनेक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स और ब्लॉग्स आदि पर नियमित रूप से सक्रिय रहकर, अपने लाखों पाठकों और फॉलोवर्स को अपने साथ जोड़े रखने के लिए उपयोगी, रोचक एवं प्रासंगिक सामग्री तैयार करके शेयर करते रहते हैं। स्मार्ट सिटी सिटीज़न परियोजना के तहत 'अपनी स्मार्ट सिटी लाइफ' के संस्थापक के रूप में, विर्दी ने हिंदीभाषी उपभोक्ताओं के लिए एक अद्वितीय वेबज़ीन लॉन्च की, जिसके माध्यम से हिंदीभाषी कनज़्यूमर्स नवीनतम टेक्नोलॉजी एवं उत्पादों के प्रति को जागरूक किया जा सके और उनका मार्गदर्शन किया जा सके ताकि वे स्मार्ट शॉपिंग कर सकें और स्मार्ट लाइफस्टाइल अपना सकें।

विज़ुअल आर्ट्स एवं मास-कम्युनिकेशन प्रशिक्षक: विज़ुअल कम्युनिकेशन, जो विर्दी के एक शौक से प्रारंभ होकर, समय के साथ-साथ उनके पेशेवर कौशल में बदल गया। इसकी पृष्ठभूमि में उन्होंने हरियाणा राज्य के एक विश्वविद्यालय में विज़ुअल आर्ट्स और मास-कम्युनिकेशन विभाग में डिजिटल आर्ट एवं फोटोग्राफी विषयों के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मीडिया कंसल्टेंट के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। उन्होंने स्नातकोत्तर और स्नातक कक्षाओं के स्तर पर चलाए जा रहे अनेक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण ले रहे नौजवान पेशेवर छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव और विशेषज्ञता से प्रशिक्षण दिया।

आईटी एवं वेब कौशल: वैसे, प्रशिक्षण व्यवसाय से विर्दी पहले भी जुड़े रहे हैं। अपनी पेशेवर यात्रा के शुरुआती 10 सालों तक वे कम्प्यूटर एवं आईटी प्रशिक्षक रहे हैं। इसी दौरान वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, सीएमसी लिमिटेड, राजकॉम आदि जैसे अनेकों प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण और विभिन्न संस्थाओं में सॉफ्टवेयर डवलपमेंट तथा अन्य कई प्रकार की आईटी सेवाएँ देते रहे हैं। आज भी वे बहुत सी कंपनियों के लिए वेबसाइट डेवलपमेंट और डिजिटल मार्केटिंग आदि जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहते हैं।

व्यक्तित्व एवं अन्य गतिविधियाँ: स्वभाव से हँसमुख, मृदुभाषी और सारी टीम को आगे की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित एवं सहयोग करने वाले विर्दी डिजिटल आर्ट, फोटोग्राफी, गीत-गज़लों में भी रुचि रखते हैं। मुम्बई प्रेस क्लब में 12 वर्षों तक सक्रिय सदस्य रहने के बाद विर्दी अजयमेरु प्रेस क्लब में सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़े जहाँ पिछले 7 वर्षों में वे चार बार कार्यकारिणी के सदस्य और एक बार सचिव के पद पर निर्वाचित भी हुए।

विशाल कार्यानुभव एवं गहरी सूझबूझ के साथ, मीडिया, कनटेंट और कम्यूनिटी निर्माण करते हुए, गुरजेन्द्र सिंह विर्दी आज मीडिया जगत में अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। ■

पूछते हैं वो कि 'ग़ालिब' कौन है,
कोई बतलाओ कि हम बतलाएँ क्या.

www.gsvirdi.magworld.in